# सौदा टूटने से ज़ी 30% लुढ़का



## निवेशकों में चिंता बढ़ी

- पुनीत गोयनका के नेतृत्व वाली कंपनी का बाजार मूल्य करीब 7,300 करोड़ रुपये तक घट गई
- सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ 10 अरब डॉलर का विलय समझौता खत्म होने से निवेशक हो रहे चिंतित

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 23 जनवरी

ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (ज़ी) का शेयर मंगलवार को 30.5 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यह उसकी एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ 10 अरब डॉलर का विलय समझौता समाप्त होने के बाद पैदा हुई चिंताओं से जी के शेयर में यह बड़ी गिरावट आई। मंगलवार को कंपनी का शेयर एनएसई पर 160.9 रुपये पर बंद हुआ, जो उसके पिछले बंद भाव के मुकाबले 70.5 रुपये या 30.5 प्रतिशत की गिरावट है। पुनीत गोयनका के नेतृत्व वाली कंपनी की बाजार वैल्यू करीब 7,300 करोड़ रुपये घट गई। एनएसई और बीएसई पर जी के करीब 4,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों का कारोबार हुआ।

दिन के कारोबार में ज्यादातर समय इस शेयर में 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन उस खबर के बाद इसमें बिकवाली तेज हो गई जिसमें कहा गया कि बाजार नियामक सेबी की जांच से पता चला है कि जी के प्रवर्तकों ने समूह की कंपनियों से 800-1,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। शुरू में हेराफेरी का आंकड़ा 200 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया गया था। सोनी के साथ विलय सौदा समाप्त होने के बाद करीब आधा दर्जन ब्रोकरों ने ज़ी के शेयर की रेटिंग घटा दी। साथ ही नकदी की किल्लत से जूझ रही इस कंपनी के लिए उन्होंने आय मल्टीपल भी कम कर दिया गया।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज में विश्लेषक अबनीश रॉय ने कहा, 'सोनी द्वारा टर्मिनेशन शुल्क मांगने, ज़ी की नई रणनीति और भागीदारों से जुड़ी अनिश्चितता की वजह से जी का अल्पावधि मूल्यांकन कमजोर बना रहेगा। विलय पर हमने सकारात्मक रुख अपनाया था। उद्योग के हालात में बदलाव और विज्ञापन खर्च में सुस्त सुधार की वजह से हम वित्त वर्ष 2025/वित्त वर्ष 2026 के अनुमानित ईपीएस में 16 से 24 प्रतिशत तक की कटौती कर रहे हैं और 190 रुपये के कीमत लक्ष्य के साथ 'घटाएं' रेटिंग दे रहे हैं।' विलय सहयोग समझौते (एमसीए) के कथित उल्लंघन की वजह से सोनी ने 9 करोड़ डॉलर के टर्मिनेशन शुल्क की मांग की थी, लेकिन जी ने यह शुल्क चुकाने से इनकार कर दिया। सीएलएसए में विश्लेषक दीप्ती चतुर्वेदी की रिपोर्ट में कहा गया है, 'विलय समाप्त होने से जी का मूल्यांकन घटकर 12 गुना पीई स्तर (अगस्त 2021) पर रह जाएगा। प्रवर्तक शेयर गिरवी संकट (2019 में) और व्यवसाय में नकदी किल्लत के दौरान शेयर की रेटिंग में गिरावट का खतरा पैदा हो गया था। साथ ही रिलायंस और डिज्नी स्टार के संभावित विलय के बाद प्रतिस्पर्धा बढ़ने का अनुमान है।' नुवामा की एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'रिलायंस का वायाकॉम और डिज्नी+हॉटस्टार सौदा (रिलायंस की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ) जल्द ही पूरा होने की संभावना है। दोनों कंपनियों को आईपीएल, आईसीसी और अन्य भारतीय क्रिकेट सीरीज जैसे प्रमुख क्रिकेट प्रसारण अधिकार हासिल हैं। हमारी नजर में जी को स्पोर्ट्स में एक प्रमुख कंपनी बनने और अपने ओटीटी को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय भागीदार की जरूरत होगी।'

बाजार जानकारों का कहना है कि 4 प्रतिशत से कम की प्रवर्तक हिस्सेदारी और प्रवर्तकों के खिलाफ धन के गलत इस्तेमाल के आरोपों से जी के परिदृश्य पर अनिश्चितता पैदा हुई है। इलारा कैपिटल के करण तौरानी ने एक रिपोर्ट में कहा है, 'विलय सौदा समाप्त होने से जी के लिए कीमत लक्ष्य 130 रुपये से 170 रुपये के दायरे में रह सकता है।'

# अमेरिकी बाजार को 'दर में नरमी' की उम्मीद

**पुनीत वाधवा**
नई दिल्ली, 23 जनवरी

**जेफरीज** में इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने निवेशकों को भेजी अपनी ताजा रिपोर्ट ग्रीड ऐंड फियर में लिखा है कि अमेरिका में इक्विटी और मुद्रा बाजार अलग अलग तरीके से ध्रुवीकृत बने हुए हैं और दोनों आगामी महीनों में दो अलग अलग नतीजों पर दांव लगा रहे हैं।

उन्होंने लिखा है कि जहां अमेरिकी शेयर बाजार अर्थव्यवस्था में नरम उधारी को शामिल करके चल रहा है वहीं मुद्रा बाजार कुछ हद तक मौद्रिक नरमी को लेकर तल रहे हैं। अमेरिका में एक अहम घटनाक्रम यह है कि अगले कुछ महीनों में वैश्विक इक्विटी बाजारों की नजर इस पर रहेगी कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य क्या आकार लेता है। वुड का मानना है कि हाल में आयोवा में 30 अंक के अंतर से डॉनाल्ड ट्रंप की जीत इसका ताजा प्रमाण है कि उनके (ट्रंप) खिलाफ जितने अधिक आरोप लगाए जाते हैं, उनके लिए समर्थन उतना ही अधिक बढ़ता है। वुड का कहना है, 'ताजा सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि महत्त्वपूर्ण चुनाव क्षेत्र मिशीगन में बाइडेन से ट्रम्प आठ प्रतिशत के अंतर से आगे थे। 45वें अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए मुख्य समस्या यह है कि अभी उसके चुनाव नहीं हो रहे हैं। लेकिन अगर आने वाले महीनों में अमेरिका में मंदी आती है, जिससे शेयर बाजार में बिकवाली होती है, तो यह ट्रंप की विकास-समर्थक नीतियों की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी लाने में मददगार होगा।'



### बॉन्ड प्रतिफल

अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है, जो हाल में 4.16 प्रतिशत पर पहुंच गया। इससे इक्विटी बाजार के निवेशकों में खलबली बढ़ गई है। विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने उभरते बाजारों से निकासी की है। पिछले कुछ कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने करीब 20,500 करोड़ रुपये की बिकवाली की। विश्लेषकों का कहना है कि बाहरी कारकों की वजह से होने वाली एफआईआई बिकवाली से हमेशा खरीदारी के अवसर पैदा हुए हैं।

### बाजार रणनीति

बीएनपी पारिबा इंडिया के विश्लेषकों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, क्योंकि मुद्रास्फीति और आम चुनाव के परिणामों से जुड़ी चिंताएं अब घट रही हैं। हालांकि वे महंगे मूल्यांकन की वजह से सतर्क बने हुए हैं। बीएनपी पारिबा इंडिया में इक्विटी शोध प्रमुख कुणाल वोरा के अनुसार अन्य चिंता यह है कि आर्थिक सुधार की रफ्तार ज्यादा मजबूत नहीं है। खपत से जुड़ी श्रेणियों पर दबाव अभी भी बना हुआ है। चीन में फिर से दिलचस्पी बढ़ने और इक्विटी पर एलटीसीजी कर में वृद्धि की आशंका से भी जोखिम बढ़ने का अनुमान है।

# मेडी असिस्ट 11 प्रतिशत तेजी के साथ सूचीबद्ध

**भाषा**
नई दिल्ली, 23 जनवरी

**मेडी** असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 418 रुपये से 11 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ मंगलवार को सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर यह शेयर निर्गम भाव से 11.24 प्रतिशत चढ़कर 465 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में कंपनी का शेयर 509.60 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंचा, और कारोबार के अंत में 11.06 प्रतिशत बढ़कर 464.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी के शेयर ने 10.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 460 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में शेयर 10.47 प्रतिशत बढ़कर 461.95 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 16.25 गुना अभिदान मिला था। कंपनी का 1,171.57 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित था। इसके लिए मूल्य दायरा 397-418 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने इससे पहले एंकर निवेशकों से 351.5 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ के तहत शेयर बिक्री करने वाले प्रवर्तकों में कंपनी के चेयरमैन विक्रम जीत सिंह चटवाल, मेडिमैटर हेल्थ मैनेजमेंट, बेसेमर हेल्थ कैपिटल और इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी फंड शामिल थे। मेडी असिस्ट के अंतर्गत 31 राज्यों के 1,069 शहरों में करीब 18,000 अस्पताल आते हैं।





**31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम का सार**

(₹ लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही के लिए | 31.12.2023 को समाप्त नौ माह के लिए | 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 16,228 | 17,726 | 46,613 | 70,507 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और विशिष्ट मदों से पूर्व) | (456) | 419 | (539) | 2,987 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर पूर्व और विशिष्ट मदों के बाद) | (456) | 419 | (539) | 2,987 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और विशिष्ट मदों के बाद) | (336) | 314 | (401) | 2,248 |
| 5 | अवधि के लिए कुल समग्र आय (कर पश्चात अवधि के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य समग्र आय) | (331) | 326 | (388) | 2,264 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक) | 1,457 | 1,446 | 1,457 | 1,449 |
| 7 | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए अनुसार) | - | - | - | 29,576 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (₹10/– प्रत्येक के) (चालू और बंद प्रचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | |
| | ए) बेसिक (राशि ₹ में) | (2.31) | 2.18 | (2.76) | 15.56 |
| | बी) डायल्यूटेड (राशि ₹ में) | (2.31) | 2.13 | (2.76) | 15.29 |

**टिप्पणियाँ:**

1. कंपनी का सारांशित एकल अलेखापरीक्षित वित्तीय कार्य–निष्पादन निम्नवत् है:

(₹ लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 को समाप्त तिमाही के लिए | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही के लिए | 31.12.2023 को समाप्त नौ माह के लिए | 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 16,228 | 17,726 | 46,613 | 70,507 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और विशिष्ट मदों से पूर्व) | (468) | 410 | (595) | 2,912 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और विशिष्ट मदों के बाद) | (348) | 305 | (456) | 2,173 |
| 4 | अवधि के लिए कुल समग्र आय (कर पश्चात अवधि के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य समग्र आय) | (343) | 317 | (443) | 2,189 |

2. उपर्युक्त परिणामों की लेखापरीक्षण समिति द्वारा समीक्षा की गई है और इसके बाद निदेशक मंडल द्वारा 23 जनवरी, 2024 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किए गए हैं। कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए तिमाही/नौ माह/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का एक सार है। तिमाही/नौ माह/वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों– बीएसई (www.bseindia.com) और एनएसई (www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट https://www.orientbell.com पर उपलब्ध है।
4. लेखाकरण नीतियों में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं है जिसका शुद्ध लाभ/हानि, कुल समग्र आय अथवा अन्य किसी संबंधित वित्तीय मद(ओं) पर प्रभाव हो।

**ओरिएंट बेल लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से व उन्हीं के लिए**
**मधुर डागा**
**प्रबंध निदेशक**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक: 23 जनवरी, 2024**

**ओरिएंट बेल लिमिटेड**
CIN: L14101UP1977PLC021546
पंजीकृत कार्यालयः 8, इंडस्ट्रियल एरिया, सिकंद्राबाद–203205, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश
कॉर्पोरेट कार्यालयः आइरिस हाऊस, 16 बिज़नेस सेन्टर, नांगल राया, नई दिल्ली–110046
+91-11-47119100 | investor@orientbell.com | www.orientbell.com



# भारत की समृद्धि एवं ऊर्जा क्षेत्र का वित्तपोषण



आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

## आरईसी लिमिटेड (महारत्न कंपनी)

**31.12.2023 को समाप्त तिमाही एवं अवधि के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) का सार**

**पिछले 9 माह में अब तक का सर्वाधिक ₹10,003 करोड़ का लाभ**

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | (स्टैंडअलोन) | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अवधि | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अवधि | | समाप्त वर्ष |
| | | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2022 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2022 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2023 (लेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2022 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2022 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 11,981.65 | 11,575.94 | 9,694.89 | 34,533.16 | 29,094.79 | 39,208.06 | 12,051.77 | 11,688.24 | 9,781.76 | 34,827.57 | 29,235.20 | 39,478.26 |
| 2. | अवधि में निवल लाभ (कर पूर्व एवं असाधारण मदें) | 4,114.25 | 4,806.67 | 3,558.96 | 12,632.87 | 9,927.55 | 13,738.77 | 4,171.69 | 4,837.61 | 3,610.23 | 12,730.46 | 9,996.44 | 13,897.67 |
| 3. | अवधि में कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | 4,114.25 | 4,806.67 | 3,558.96 | 12,632.87 | 9,927.55 | 13,738.77 | 4,171.69 | 4,837.61 | 3,610.23 | 12,730.46 | 9,996.44 | 13,897.67 |
| 4. | अवधि में कर पश्चात निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | 3,269.31 | 3,772.87 | 2,878.08 | 10,002.91 | 8,053.73 | 11,054.64 | 3,308.42 | 3,789.90 | 2,915.33 | 10,066.37 | 8,101.61 | 11,166.98 |
| 5. | अवधि में कुल व्यापक आय [अवधि के लिए सम्मिलित लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात)] | 2,549.00 | 4,188.26 | 2,748.96 | 9,880.44 | 6,438.80 | 10,083.60 | 2,588.11 | 4,205.29 | 2,786.21 | 9,943.90 | 6,486.68 | 10,195.94 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10 प्रति शेयर) | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 | 2,633.22 |
| 7. | अन्य इक्विटी | 62,153.87 | 60,484.10 | 52,206.62 | 62,153.87 | 52,206.62 | 55,046.45 | 62,658.18 | 60,949.29 | 52,582.99 | 62,658.18 | 52,582.99 | 55,487.29 |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | 1,577.53 | | | | | | |
| 9. | निवल मूल्य | 64,787.09 | 63,117.32 | 54,839.84 | 64,787.09 | 54,839.84 | 57,679.67 | | | | | | |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 4,32,555.53 | 4,13,542.23 | 3,53,578.93 | 4,32,555.53 | 3,53,578.93 | 3,74,616.42 | | | | | | |
| 11. | ऋण इक्विटी अनुपात* | 6.65 | 6.46 | 6.44 | 6.65 | 6.44 | 6.49 | | | | | | |
| 12. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक ₹10 का) (आगे जारी रहने वाले एवं बंद हो चुके प्रचालनों के लिए) (₹ में) | | | | | | | | | | | | |
| | मूल | 12.42 | 14.33 | 10.93 | 37.99 | 30.59 | 41.86 | 12.56 | 14.39 | 11.07 | 38.23 | 30.77 | 42.28 |
| | डायल्यूटेड | 12.42 | 14.33 | 10.93 | 37.99 | 30.59 | 41.86 | 12.56 | 14.39 | 11.07 | 38.23 | 30.77 | 42.28 |

* ऋण/इक्विटी अनुपात = निवल ऋण/निवल मूल्य (निवल ऋण मूल बकाया, कम नकद और उपलब्ध नकद समतुल्य को दर्शाता है।)

**टिप्पणियां:**

1. लेखापरीक्षा समिति द्वारा कंपनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई और अनुमोदित किया गया तथा दिनांक 23 जनवरी 2024 को आयोजित निदेशक मण्डल की बैठक में इन्हें रिकॉर्ड कर लिया गया है। इन परिणामों की सीमित समीक्षा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के अधीन हैं।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए तिमाही और अवधि को समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.recindia.nic.in) पर भी उपलब्ध है।
3. सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) के तहत आवश्यक अन्य लागू प्रकटीकरण के लिए, स्टॉक एक्सचेंज में जमा वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप (www.bseindia.com और www.nseindia.com) पर देखें और इसे कंपनी की वेबसाइट (www.recindia.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

**कृते आरईसी लिमिटेड**
**(विवेक कुमार देवांगन)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन – 01377212**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 23 जनवरी 2024**

**आरईसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम)

निगमित कार्यालयः प्लॉट नं. आई-4, सेक्टर–29, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 | टेलीफोनः +91-124-4441300
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 | टेलीफोनः +91-11-43091500
ईमेलः contactus@recl.in वेबसाईटः www.recindia.nic.in सीआईएन – L40101DL1969GOI005095

हमें फॉलो करें: @RECLindia

वित्तीय परिणाम डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें